
# प्याज की नई फसल की आवक, अलवर की मंडी में किसानों की हलचल बढ़ी

## पिछले सीजन में बारिश और उचित भाव नहीं मिलने से किसानों को नुकसान हुआ था

**अलवर,** (निसं)। प्याज की नई फसल की आवक को लेकर अलवर प्याज मंडी में किसानों की हलचल बढ़ने लगी है। किसान सुबह से ही अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। पिछली बार प्याज की फसल में हुए नुकसान और उचित भाव नहीं मिलने से किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा था। हालात ऐसे बने कि कई किसानों को अपनी प्याज फेंकने तक की नौबत आ गई। ऐसे में इस बार किसान सरकार से प्याज की खरीद की उचित व्यवस्था और उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

प्याज मंडी समिति के अध्यक्ष पप्पू भाई प्रधान ने बताया कि नए सीजन को लेकर किसानों में उत्साह के साथ उम्मीदें भी नजर आ रही हैं। किसानों को भरोसा है कि इस बार उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और उन्हें पिछले साल जैसी परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पिछले सीजन में बारिश के कारण भी किसानों को परेशानी हुई थी। प्याज खराब होने और उचित भाव नहीं मिलने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा था। उस दौरान किसानों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने की शिकायतें भी सामने आई थीं।



अलवर प्याज मंडी में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं।

- किसानों को इस बार समय पर प्याज खरीद और वाजिब दाम मिलने की आस

किसानों का कहना है कि प्याज की खेती में बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च होता है। इसके बावजूद यदि मंडी में उपज का उचित भाव नहीं मिलता, तो लागत निकालना भी मुश्किल हो जाता है। फसल खराब होने या बाजार में कीमतें गिरने की स्थिति में किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ती है। ऐसे में किसान चाहते हैं कि सरकार प्याज की खरीद और बाजार भाव को लेकर समय रहते प्रभावी व्यवस्था करे, ताकि उनकी मेहनत और लागत दोनों सुरक्षित रह सकें।

मंडी समिति अध्यक्ष के अनुसार, फिलहाल किसानों ने प्याज लेकर मंडी पहुंचना शुरू कर दिया है। हालांकि, चुनाव के बाद और एक तारीख के बाद मंडी में प्याज बेचने आने वाले किसानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ ही बाजार भाव और खरीद व्यवस्था को लेकर स्थिति और स्पष्ट होगी। किसानों की उनकी मांग है कि प्याज की खरीद, उचित मूल्य और जरूरत पड़ने पर राहत देने के लिए समय रहते कदम उठाए जाएं।

# दुकान का ताला तोड़कर 2.35 लाख रुपए चुराये

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर आई हाजी बिल्डिंग में एक ट्रैवल कार्यालय का दरवाजा तोड़कर चोर अंदर घुसा और गल्ले से 2 लाख 35 हजार की नगदी चुरा ले गया। घटना 24 अक्टूबर रात 10.45 के आसपास की है। पीड़ित घटना के समय चाय पीने कार्यालय से बाहर गया था। अपने स्तर पर पता करने के बाद अब पीड़ित ने उदयमंदिर थाने में चोरी की रिपोर्ट दी है। संदिग्ध नामजद का पता लगाने का प्रयास जारी है। संदेह है कि रुपए से नई बाइक खरीद ली गई है।

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि हाजी बिल्डिंग स्टेशन रोड के रहने वाले अब्दुल राहिल पुत्र अब्दुल फारूख ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी हाजी बिल्डिंग में ताज ट्रैवल्स के नाम से फर्म आई है। 24 अक्टूबर की रात तकरीबन पौने ग्यारह बजे वह चाय पीने के लिए बाहर गया था। कार्यालय का लॉक किया गया था। बाद में वापस आने पर पता लगा कि कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है। अन्दर देखा तो पता चला कि गल्ले से 2.35 लाख रूपए गायब है। रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज चैक किए तो पता लगा कि एक युवक टोपी लगाकर आया और फिर दरवाजा तोड़कर अंदर गया। करीब 7 मिनट तक अंदर रहा और गल्ले से रूपए निकाले। इसके बाद वह पैदल ही मोहनपुरा पुलिया की तरफ चला गया। जहां पर पहले से मौजूद एक बाइक सवार के साथ बैठकर रातानाडा की तरफ गया। पीड़ित ने अपने स्तर पर पता किया तो मालूम हुआ कि युवक सत्री है, जोकि आदतन चोरियां करता है। रूपए चुराने के बाद अपनी मां को देता है। उसके कार्यालय से चुराए गए रूपए से उसने एक नई बाइक भी खरीदी है, शेष रूपए अपनी मां को दिए है।

- बताया जा रहा है कि चुराए गए रूपए से आरोपी ने एक नई बाइक भी खरीदी, शेष रूपए अपनी मां को दिए

उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि नामजद संदिज्ध युवक का पता लगाया जा रहा है। उसके नाम पते की पूर्ण जानकारी पीड़ित की तरफ से दी गई है, अब उसे लाकर पूछताछ की जाएगी।

# गोवंश का सिर मिलने पर प्रदर्शन

**सूरतगढ़,** (निसं)। यहां भाटिया आश्रम के सामने एक गली में गोवंश का कटा सिर मिलने के मामले में गुरुवार को गौ रक्षा दल ने सिटी पुलिस थाने में प्रदर्शन किया। गौ रक्षा दल ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी करने और कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। गौ रक्षा दल के सदस्यों और अन्य लोगों ने त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट क्षेत्र से नारेबाजी करते हुए सिटी पुलिस थाना परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया। गौ रक्षा दल के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश की हत्या कर उसका सिर काटकर गली में फेंक दिया गया था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने मौके का मुआयना भी किया, लेकिन अब तक आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के संबंध में कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है।

प्रदर्शन के दौरान पार्षद प्रमोद ज्याणी, डॉ. राजेश भाटी, स्वामी शंकारानंद गिरी, एड.अनिल भार्गव, अखिल राजस्थान हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री श्याम सुंदर, प्रकाश कुकना, श्याम शर्मा, विक्रम कुमार, नारायण सिंह, ललित पारीक, अमर सिंह, सुभाष कुमार, शिव शंकर, जसविंदर सिंह, विश्व हिंदू परिषद के किशन लाल स्वामी, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सादुलपुर के गांव नवा स्थित दुर्गादास आश्रम में साधु ने साधु ने हत्या की

## रातभर साथ रहा आरोपी बाद में फरार हुआ, अलसुबह कनपटी के पास चोट मारने की आशंका

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाने के गांव नवां स्थित दुर्गादास आश्रम में एक साधु की हत्या के आरोप का मामला सामने आया है। आश्रम में रह रहे करीब 66 वर्षीय साधु छेदीलाल की एक अन्य साधु ने कथित रूप से हत्या कर दी और फरार हो गया। बुधवार शाम आश्रम पहुंचे आरोपी के रातभर मृतक के साथ रहने की बात प्रारंभिक जांच में सामने आई है। दोपहर बाद आश्रम में साधु का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

हमीरवास थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की तथा साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि मृतक साधु की पहचान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी निवासी छेदीलाल पुत्र गोकल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, हरियाणा के बहल क्षेत्र के गांव गोकुलपुरा निवासी साधु सुरेंद्र उर्फ सिमरन दास उर्फ मोनी बाबा बुधवार शाम आश्रम पहुंचा था और रातभर छेदीलाल के साथ रहा तथा आरोपी ने अलसुबह किसी हथियार या लाठी-डंडे से साधु के कनपटी के पास चोट मारकर हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया।

थानाधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत्या के पीछे क्या कारण रहे, इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति का खुलासा हो सकेगा।

# जैसलमेर के मोहनगढ़ के खेत में बम गिरा, धमाके से दो फीट गहरा गड्ढा बना

## गनीमत रही कि खेत में काम कर रहा किसान का बेटा बच गया

**जैसलमेर,** (निसं)। जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र की नहरी बेल्ट में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे किसान के खेत में तेज धमाके के साथ बम गिरने से हड़कंप मच गया। धमाके से खेत में करीब दो फीट गहरा गड्ढा हो गया, जबकि बम के टुकड़े ट्रैक्टर पर भी लगे। गनीमत रही कि खेत में काम कर रहा किसान का बेटा बाल-बाल बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, किसान तुलसाराम भील पुत्र भंवरूराम के खेत में उनका बेटा द्वारकाराम ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर से करीब 10 कदम पीछे अचानक तेज धमाके के साथ बम गिरा। धमाके की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। अचानक हुए विस्फोट से द्वारकाराम घबरा गया, लेकिन बम ट्रैक्टर से कुछ दूरी पर गिरने के कारण वह उसकी चपेट में आने से बच गया। घटना की सूचना मिलने पर मोहनगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। सेना को भी घटना की जानकारी दी गई है।

- बताया जा रहा है कि खेत के पास ही सेना की फील्ड फायरिंग रेंज स्थित है, ऐसे में सैन्य अभ्यास के दौरान बम के खेत में गिरने की आशंका जताई जा रही है

बताया जा रहा है कि खेत के पास ही सेना की फील्ड फायरिंग रेंज स्थित है। ऐसे में सैन्य अभ्यास के दौरान बम के खेत में गिरने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, बम कहां से आया और घटना के वास्तविक कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सेना की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## वन्यजीव शिकार के मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा

**जैसलमेर,** (निसं)। वन विभाग ने किशनघाट स्थित गजरूपसागर क्षेत्र में स्वांगिया माता मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए वन्यजीव शिकार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लोमड़ी और खरगोश अद्धमूर्छित अवस्था में मिले। उपचार के बावजूद दोनों वन्यजीवों की मौत हो गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी श्याम सुंदर नागौरा के अनुसार, 27 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर टीम ने दबिश देकर मूलाराम, उत्तमाराम और चन्द्रनाथ को गिरफ्तार किया। मौके से शिकार में प्रयुक्त उपकरण और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। न्यायालय ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# बीकानेर में आरएसी जवान ने सुसाइड किया

**बीकानेर,** (निसं)। यहां आरएसी जवान ने अपने क्वार्टर के कमरे में सुसाइड कर लिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें डिप्रेशन और मानसिक रूप से परेशान होने की बात लिखी है। जवान ने सुबह क्वार्टर के कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो साथी दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। कमरे में जवान फंदे पर लटका मिला। मामला बीछवाल थाना इलाके के आरएसी की थर्ड बटालियन क्वार्टर्स का गुरुवार सुबह 11:30 मिनट का है।

थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया कि सुबह सूचना पर पहुंचे और आरएसी जवान की पहचान मांगीलाल पुत्र हड़मानाराम के रूप में हुई है। वह बटालियन परिसर में बने क्वार्टर में रहते थे। मांगीलाल पिछले कुछ दिन से क्वार्टर में अकेले रह रहे थे। उनका परिवार गांव गया हुआ था। वो लूणकरनसर तहसील के छटटासर गांव के रहने वाले थे। मांगीलाल आरएएसी 2021 बैच के हैं। परिवार में पत्नी और एक चार साल की बेटी है। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। नोट में इतना ही लिखा है कि मानसिक रूप से परेशान होने के कारण सुसाइड कर रहा है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह मांगीलाल के कमरे से कोई हलचल नहीं होने पर साथियों ने जाकर देखा। कमरे में उनका शव फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना बीछवाल पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खिदमतगार खादिम सोसायटी और असहाय सेवा संस्थान के सेवादारों को बुलाया। दोनों संस्थाओं के सेवादार एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। शव को सीएम मूंदड़ा मेडिसिन विंग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हे मृत घोषित कर दिया।

## गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सांगोद पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान 138 ग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि सांगोद थानाधिकारी पवन कुमार ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान जती के हनुमानजी मन्दिर के पास सोरसन रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा। जिस पर संदेह होने पर मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने उसको रोका और उससे पूछताछ की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान संदेह होने पर व्यक्ति को डिटेन कर तलाशी ली गई तो एक काले रंग की प्लास्टिक की थैली में अवैध मादक पदार्थ 138 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए थाना सांगोद के नावघाट मोहल्ला सांगोद निवासी अंकित उर्फ सागर गौत्तम (36) को गिरफ्तार किया।

# सादुलपुर में बस स्टैंड पर बस के शीशे तोड़े, रंगदारी मांगने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर बस स्टैंड पर बस संचालन को लेकर दो आरोपियों द्वारा बस कंडक्टर और ड्राइवर पर कथित हमला कर बस चलाने की एवज में 50 हजार रूपए रंगदारी मांगने के आरोप का मामला सामने आया है। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि इकबाल पुत्र सराजू मिरासी निवासी सुरतपुरा ने थाना राजगढ़ में रिपोर्ट दी है कि वह बस कंडक्टर है और सादुलपुर से भादरा रूट पर कंडक्ट्री करता है।

इकबाल ने बताया कि 28 अक्टूबर को सुबह 7 बजे वह जहां भादरा की बस लगती है अपनी बस लेकर सादुलपुर बस स्टैंड पर खड़ा था और बस ड्राइवर रमेश पुत्र दीपचंद मेघवाल निवासी ढाणा के साथ बस में सवारियां बैठा रहा था। बताया कि तभी मंदीप स्वामी पुत्र मेवा सिंह निवासी गागड़वास और विजेन्द्र उर्फ गोलू जाखड़ निवासी लुटाणा पूर्ण क्रेटा गाड़ी लेकर आए तथा आते ही उसे व बस ड्राइवर को धक्का देकर बस से नीचे उतार दिया। आरोप है कि उसके बाद दोनों ने लोहे की रॉड़ और सरिये से बस के शीशे तोड़ दिए। विरोध करने पर दोनों ने कंडक्टर और ड्राइवर के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और गाली-गलौच की। कंडक्टर की जेब में बस मालिक द्वारा बस में तेल डालने के लिए दिए 10 हजार रुपये दोनों ने निकाल लिए। मंदीप स्वामी बस का म्यूजिक सिस्टम भी उतार ले गया और विजेन्द्र जाखड़ ने जबरदस्ती रुपये छीन लिए।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि उक्त आरोपी पिछले डेढ़ महीने से बस के आगे अपनी दूसरी बस लगाकर बस चलाने की एवज में 50,000 रुपये महीना मांग रहे हैं। नहीं देने पर बस बंद करने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज किया।

## छात्र से मारपीट

**कोटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय परिसर में क्रिक्रेट खेलने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मामले में सामने आया कि कुछ छात्रों ने क्रिकेट खेलने को लेकर हुए झगड़े में एक छात्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में घायल नाबालिग छात्र को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। मारपीट में घायल छात्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया एवं मामले की जांच की जा रही है। नयापुरा थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि राजकीय महाविघालय मे क्रिकेट खेलने से रोकने के विवाद को लेकर कुछ छात्रों ने एक छात्र के साथ मारपीट कर दी, मारपीट में घायल छात्र की रिपोर्ट पर मारपीट करने वाले छात्रों के विरूद्ध मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बुजुर्ग महिला कमला कांकरिया की हत्या की जांच शुरु

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के पॉश इलाके सुभाष नगर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया था। बुजुर्ग महिला कमला कांकरिया की बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपियों ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। हत्यारों ने पहचान मिटाने की नीयत से शव को घर की छत पर ही जला दिया और बाद में उसके अवशेषों को पास ही बहती कोठारी नदी में फेंक दिया था।

- कमला कांकरिया की हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को घर की छत पर ही जला दिया और बाद में अवशेषों को कोठारी नदी में फेंक दिया था



पुलिस और एफएसएलटीम ने मौके से सबूत जुटाये।

घटना की सूचना मिलते ही सुभाष नगर थाना पुलिस और जिला पुलिस के आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। जांच के सिलसिले में पुलिस टीम संदेही रवि तापड़िया के मकान पर पहुंची, जहां पुलिस ने पूरे घर को सील कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स को भी मौके पर बुलाया गया है। एफएसएल टीम घटना स्थल, मकान की छत और संदिग्ध जगहों से बारीकी से साक्ष्य जुटा रही है। जांच में सामने आए शुरुआती तथ्यों ने पुलिस को भी हैरान कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने कमला कांकरिया की हत्या करने और शव को छत पर जलाने के बाद बेखौफ होकर उसी घटनास्थल पर शराब की पार्टी की। वारदात के स्थान से पुलिस को शराब की बोतलें और अन्य सामान मिलने की सूचना है, जिससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि आरोपी वारदात के बाद काफी देर तक वहीं मौजूद थे। पुलिस की अलग-अलग टीमें अब कोठारी नदी के तटीय इलाकों में बुजुर्ग महिला के अवशेषों और राख की तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला बेहद संगीन है। पुलिस हर एक पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही इस पूरी वारदात का पर्दाफाश किया जाएगा। इस खौफनाक हत्याकांड के बाद से ही सुभाष नगर सहित पूरे भीलवाड़ा शहर में दहशत का माहौल है। नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं।

# मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले युवक के खाते में एक लाख करोड़ रु. आये

## समीर खान ने बताया कि उसकी सैलरी मात्र 10 हजार रुपए है, इतनी बड़ा अमाउंट ट्रांसफर होने से वो हैरान है

**सीकर,** (निसं)। सीकर में मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले समीर खान के बैंक अकाउंट में एक लाख करोड़ जमा हुए हैं। उसने बताया कि उसकी सैलरी मात्र 10 हजार रुपए है, इतनी बड़ा अमाउंट ट्रांसफर होने से वो हैरान है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक की एप से रिचार्ज करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पैसे ही ट्रांसफर नहीं हो रहे थे। स्टेटमेंट चेक किया तो बैंक बैलेंस जीरो दिखा। पता चला कि उसके अकाउंट में एक लाख करोड़ ब्लॉक किए गए हैं। अब वो अपने 55 हजार रुपए भी नहीं निकाल पा रहा है। उसका बैंक बैलेंस जीरो शो हो रहा है। मामले को लेकर युवक ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने बैंक में संपर्क करने को कहा।

- मामले को लेकर युवक समीर खान ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दी है

सीकर शहर में सालासर बस स्टैंड पर स्थित निर्मल मेडिकल पॉइंट है। यहां देव गैस गोदाम के पास रहने वाला समीर खान (22) पिछले 10 महीने से काम कर रहा है। उसका कोटक बैंक में अकाउंट है। बुधवार 28 अक्टूबर सुबह तक उसके अकाउंट में 55 हजार रुपए थे। दोपहर में मोबाइल रिचार्ज करवाना था, इसलिए पेमेंट करने के लिए बैंक की एप को खोला। पिन डालने के बाद बैलेंस देखा तो जीरो मिला। एप पर नीचे अकाउंट से 1 लाख करोड़ ब्लॉक होना लिखा था। इसके बाद उसने दुकान मालिक धीरज शर्मा और बाकी स्टाफ को बताया। मालिक के साथ साइबर पुलिस थाने पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने बैंक में कॉन्टैक्ट करने को बोला। अब बैंक में बातचीत करने पर ही हकीकत पता चल सकेगी। धीरज शर्मा ने बताया कि समीर उनके यहां जनवरी महीने से काम कर रहा है। उसे हर महीने 10 हजार रुपए सैलरी देते हैं। आज जब उसने 1 लाख करोड़ लीन के बारे में बताया तो उनके खुद के होश उड़ गए, क्योंकि इतने अमाउंट का ब्लॉक होना आज तक नहीं सुना। साइबर पुलिस का कहना है कि यह बैंक का कोई टेक्निकल ग्लीच (गड़बड़ी) हो सकता है।

# विदेशी नागरिकों की जानकारी छिपाना भारी पड़ा

**उदयपुर,** (निसं)। विदेशी पंजीकरण अधिकारी सीआईडी विंग जोन उदयपुर की टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले होटल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में उदयपुर के होटल के संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। होटल प्रबंधन पर विदेशी पर्यटकों के ठहरने की अनिवार्य सूचना (फार्म 3/सी फार्म) पुलिस और संबंधित विभाग को न देने का आरोप है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं विदेशी पंजीकरण अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक अनीता शर्मा और उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार की टीम को एक मुखबिर से खास सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 19 अक्टूबर को होटल पर औचक छापा मारा। चेकिंग के दौरान होटल में थाईलैंड मूल की 3 महिलाएं सुफाओवाडी बुनयोंग, साईचोन सासुक, जंजीरा वोंगहाकाएव ठहरी पाई गई। जब पुलिस टीम ने इन तीनों विदेशी महिलाओं के वीजा और पासपोर्ट दस्तावेजों की जांच की, तो सामने आया कि वे भारत में अपनी तय समय-सीमा से अधिक समय से रह रही थीं। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों महिलाओं को पूछताछ के बाद नारी निकेतन भेज दिया है, और अब उन्हें उनके देश वापस भेजने की कानूनी प्रक्रिया चल रही है। इस कार्रवाई के बाद विदेशी पंजीकरण अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह ने उदयपुर शहर के सभी होटल, विला और रिसॉर्ट संचालकों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।